# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–02 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी की और देशभर के नौ करोड़ सत्तर लाख से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में सीधे बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। श्री मोदी ने बाइस सौ करोड़ रुपये की बावन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया तथा वृद्धजन और दिव्यांगजन को सहायक उपकरण भी वितरित किये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए काशी से अपने विशेष जुड़ाव की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर किसानो के लिए काम कर रही है।

***दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ है। बाबा के आशिर्वाद से काशी में विकास की अविरल धारा मां गंगा के साथ–साथ आगे बढ़ रही है। मैं आप सभी को देश के किसानों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। आज यहां एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। देश के दस करोड़ किसान भाईयों–बहनों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपए पीएम किसान सम्मान नीधि के रूप में भेजे गये हैं और जब काशी से धन जाता है ना वो तो अपने आप प्रसाद बन जाता है।***

प्रधानमंत्री ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत नब्बे हजार करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश के ढाई करोड़ किसानों को और नौ सौ करोड़ रुपये काशी के किसानों को दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने किसानों के लिए एक नई योजना, पीएम धन धान्य योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत चौबीस हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

श्री मोदी ने कहा कि मौसम हमेशा किसानों के लिए एक चुनौती रहा है, इसीलिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक किसानों को पौने दो लाख करोड़ रुपये का क्लेम दिया जा चुका है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सौ चालीस करोड़ लोगों की एकता और शक्ति के परिणामस्वरूप ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ।

***आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। काशी के मेरे मालिकों मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का जो वचन दिया था, वो पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं।***

जनसभा में प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री मोदी का नेतृत्व पूरी दुनिया में स्वीकार किया जा रहा है।

**आदरणीय प्रधानमंत्री जी दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं। आपने देखा होगा इसलिए ग्यारह वर्ष में दुनिया के चार दर्जन से अधिक देशों ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान आदरणीय प्रधानमंत्री जी को समर्पित किया।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पूरी दुनिया ने नए भारत के सामर्थ्य को देखा है। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं।

**********

अयोध्या के डोगरा रेजिमेंट सेंटर में पांच अगस्त से अग्निवीर भर्ती शुरू हो रही है जो अट्ठारह अगस्त तक चलेगी। डोगरा रेजिमेंटल ग्राउंड में अग्निवीर भर्ती रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागी पहले ही ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब शारीरिक परीक्षण में उनका मूल्यांकन किया जायेगा। इस भर्ती रैली में पांच अगस्त को अमेठी और कौशाम्बी, छः अगस्त को रायबरेली, सात अगस्त को प्रतापगढ़, आठ अगस्त को अयोध्या और सिद्धार्थनगर, नौ अगस्त को प्रयागराज, दस अगस्त को सुल्तानपुर और बस्ती, ग्यारह अगस्त को अम्बेडकरनगर और महराजगंज, बारह अगस्त को संतकबीरनगर और कुशीनगर के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

**********

चुनाव आयोग ने बूथ स्तर के अधिकारियों– बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और मतदाता सूची तैयार करने एवं पुनरीक्षण कार्य में शामिल बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक भी बढ़ा दिया है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि संशोधित ढांचे के अनुसार, बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक छह हजार रुपये से दोगुना करके बारह हजार रुपये कर दिया गया है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर हो रही बारिश के चलते कई नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है जबकि मिर्जापुर में गंगा नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गयी है। प्रयागराज में भी गंगा और यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। यहां बड़े हनुमान मंदिर के गर्भगृह में पानी पहुंच जाने से मंदिर के कपाट बंद कर दिए गये हैं। इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में तीन दिनों के लिए गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**********